आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.08.2024/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

मूल्यांकन प्रणाली

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट प्रणाली में संशोधन की घोषणा की है। इन सुधारों का उद्देश्य अधिकारियों के मूल्यांकन को सीधे उनके कार्य परिणामों से जोड़ कर जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सचिवों और ज़िला उपायुक्तों सहित सभी अधिकारियों का मूल्यांकन केवल उनके वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा। ये प्रक्रिया अब पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 31 दिसम्बर की समय सीमा लागू होगी।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में अधिक उपज वाली और जलवायु–अनुकूल व बायोफोर्टिफाइड फसलों की एक सौ 9 किस्में जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। इन किस्मों में 34 खेती और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में, बाजरा, चारा, तिलहन, दाल, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए जाएंगे। बागवानी फसलों में विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियां, मसाले, फूल और औषधीय पौधे शामिल हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार पूरी तरह से जनविरोधी काम कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन वादों के साथ सत्ता में आई थी, वर्तमान में उसके विपरीत कार्य किए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि तेजी से कर्ज लेना, लाखों परिवारों की सुविधाएं छीनना और हज़ारों की संख्या में संस्थान बंद करना ही प्रदेश सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल की उपलब्धि है। इसके अलावा वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश के विकास की गति भी शून्य रही है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी क्षेत्र की बरमू केल्टी पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बनने वाले नए पंचायत भवन अब एक जैसे ही दिखेंगे। उन्होंने कहा कि नए बनने वाले पंचायत भवनों की ड्रॉइंग से लेकर भवन शैली तक एकरूपता अपनाई जा रही है। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में नए डिज़ाइन के 45 पंचायत भवनों का निर्माण जारी है।

समझौता ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश ने हिमुडा और शिमला के विकासनगर में अत्याधुनिक वाणिज्यिक परिसर के विकास के लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ये हस्ताक्षर नई दिल्ली में नगर नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में किए गए। धर्माणी ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य वास्तुकला और नियोजन के क्षेत्र में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर के व्यापक अनुभव का लाभ उठाना है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में ढांचागत सुविधाओं को बढ़ाने के साथ–साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाने पर ज़ोर दे रही है। चम्बा ज़िले के गरनोटा में एक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में शिक्षण संस्थानों में प्राथमिकता के आधार पर शिक्षकों के पद भरे जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से खेलों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल गतिविधियों से विद्यार्थी वर्ग में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है।

कृषि मंत्री

दूसरी ओर, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कांगड़ा ज़िले में ज्वाली शिक्षा खण्ड के तहत चलवाड़ा में खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में 32 स्कूलों के करीब 5 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ–साथ खेल स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सीपीएस

वहीं, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने बैजनाथ क्षेत्र के संसाल में खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक व बौधिक विकास में खेलों का अहम योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपने जीवन का अंग बनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इसके बाद किशोरी लाल ने क्षेत्र के आपदा प्रभावित दियोल गांव का भी दौरा किया और प्रभावितों से भेंट की।

मौसम

प्रदेशभर में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश स्थानों पर व्यापक वर्षा का क्रम जारी है। शिमला व इसके आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद से मूसलाधार वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई है।